हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला | अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

जबलपुर, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

विजयादशमी पर मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने किया शस्त्र पूजन

विधि-विधान और परम्परानुसार सम्पन्न हुआ वाहन पूजन

विजयादशमी पर्व पर जिलेवासियों को दी शुभकामनाएं





मण्डला। विजयादशमी के पावन पर्व पर पुलिस लाइन मंडला में परम्परानुसार शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके, मंडला सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे एवं पुलिस अधीक्षक श्री राजेश रघुवंशी ने विधि-विधान के साथ शस्त्र पूजन किया। साथ ही वाहनों का भी पूजन कर सुख, समृद्धि, सुरक्षा एवं जनकल्याण की कामना की गई।

विजयादशमी का पर्व भारतीय संस्कृति और परम्परा में विशेष महत्व रखता है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य तथा अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। भारतीय परंपरा में शस्त्र पूजन शक्ति, साहस, कर्तव्यनिष्ठा और धर्म की रक्षा के संकल्प से जुड़ा हुआ है। इस दिन शस्त्रों का पूजन कर उनके सदुपयोग तथा समाज एवं राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति अपने दायित्वों का स्मरण किया जाता है।

कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती संपतिया उइके एवं सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने विजयादशमी पर्व की महत्ता को भारतीय संस्कृति, आस्था और परंपराओं से जुड़ा बताया। पर्व हमें सत्य, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलने तथा समाज में सकारात्मकता, सद्भाव और आपसी भाईचारे को मजबूत करने की प्रेरणा देता है।

शस्त्र पूजन के साथ वाहनों का पूजन भी परंपरानुसार किया गया। भारतीय संस्कृति में कार्य में उपयोग होने वाले साधनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने की परंपरा रही है। इसी भाव के साथ पूजन कर सभी के सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय जीवन की कामना की गई।

इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने जिलेवासियों को विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कामना की कि विजयादशमी का यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और नई ऊर्जा लेकर आए तथा मंडला जिले में विकास, सामाजिक सद्भाव और जनकल्याण की भावना निरंतर सुदृढ़ होती रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, डीएफओ श्री एमएस मौर्य, एडीशनल एसपी श्री शिवकुमार वर्मा, एसडीएम मंडला श्री शैलेन्द्र चौधरी सहित विभिन्न अधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

बिछिया थाने में हुआ विधिवत शस्त्र पूजन



भुआबिछिया। विजयादशमी एवं दशहरा पर्व के पावन अवसर पर थाना बिछिया परिसर में पारंपरिक शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक नारायण सिंह पट्टा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) सौरभ तिवारी, थाना प्रभारी एवं नगर निरीक्षक शत्रुघ्न मिश्रा सहित समस्त पुलिस परिवार ने विधि-विधान से शस्त्र पूजन कर परंपरा का निर्वहन किया। शस्त्र पूजन भारतीय संस्कृति की प्राचीन परंपरा है, जो साहस, शौर्य, कर्तव्यनिष्ठा और धर्म की रक्षा के संकल्प का प्रतीक मानी जाती है। पुलिस विभाग के लिए यह आयोजन केवल शस्त्रों के पूजन तक सीमित नहीं है, बल्कि जनसेवा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और समाज की सुरक्षा के प्रति अपने दायित्वों को पुनः स्मरण करने का अवसर भी है। इस अवसर पर यह संदेश दिया गया कि शस्त्र पूजन केवल शौर्य और पराक्रम को नमन करने की परंपरा नहीं, बल्कि हमारे भीतर निहित साहस, धैर्य, संवेदना और मानवता जैसे गुणों का सम्मान भी है। शक्ति का वास्तविक अर्थ समाज की रक्षा, निर्बलों की सहायता और न्याय की स्थापना के लिए उसका सदुपयोग करना है। दशहरा पर्व असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देता है। इसी भावना के साथ पुलिस परिवार ने जनसुरक्षा, शांति और कानून-व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। पारंपरिक शस्त्र पूजन के माध्यम से कर्तव्य, अनुशासन और मानवीय मूल्यों के समन्वय का संदेश भी दिया गया।

फिर हुआ भीषण सड़क हादसा, ट्रक-कार की भिड़ंत में 1 की मौत, 4 गंभीर रूप से घायल

सौंसर। क्षेत्र में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। नागपुर-छिंदवाड़ा मार्ग पर ग्राम खुटाम्बा के पास रविवार रात करीब 9 बजे नागपुर की ओर से आ रही एक डस्टर कार और विपरीत दिशा छिंदवाड़ा की ओर से से सौसर आ रहे ट्रक क्रमांक एम 40 सी टी 5566 के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख-पुकार मच गईइस दर्दनाक हादसे में छिंदवाड़ा निवासी साजिद भाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार सवार मेजाबीन, फारुख, फरकान और शहनाज गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही बीएमओ डॉ. रूपेश बोकाडे एवं उनकी मेडिकल टीम ने सौसर अस्पताल में घायलों का त्वरित प्राथमिक उपचार किया, जिसके बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें नागपुर रेफर कर दिया गया। मामले में सौसर पुलिस ने अपराध दर्ज कर आगे की जाँच शुरू कर दी है। सौसर डीएसपी प्रियंका पांडे ने बताया कि आगामी त्योहारों के सीजन के कारण सड़कों पर वाहनों की आवाजाही काफी बढ़ गई है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से धीमी गति से वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। पुलिस द्वारा जगह-जगह चेकप्वाइंट बनाकर नियम तोड़ने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। वही नवरात्र एवं दशहरा महोत्सव को लेकर बंजारी माता मंदिर भवानी माता मंदिर चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली, के अलावा विसर्जन स्थलों पर भी सुरक्षा पार्किंग एवं पुलिस की तैनाती की गई है।

गरबा-डांडिया की थाप पर थिरके कदम

माँ खोडियार रास गरबा महोत्सव का भव्य समापन

सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने विजेताओं को किया पुरस्कृत





मण्डला

सुभाष वार्ड में आयोजित पांच दिवसीय मां खोडियार रास गरबा महोत्सव का गरबा-डांडिया की थाप, उत्साह और उमंग के बीच भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में लोकसभा सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते शामिल हुए। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां खोडियार के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद प्रतिभागियों ने गरबा और डांडिया की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। पांच दिनों तक चली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के प्रदर्शन,कला और विभिन्न बारीकियों के आधार पर निर्णायक मंडल ने विजेताओं का चयन किया। निर्णायक मंडल में रितु शर्मा,राजुल सिंहानी,मेनका सोनवानी और पूनम सचान शामिल रहीं। अतिथि प्रीति पमनानी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

इन्हें मिला विशेष पुरस्कार -

आयोजन में विभिन्न आयु वर्ग के आधार पर विजेताओं का निर्धारण किया गया।समिति की ओर से बेस्ट ऑफ खोडियार गरबा क्वीन का पुरस्कार रिचा माखीजा,बेस्ट ऑफ खोडियार डांडिया का पुरस्कार प्रकृति कछवाहा, बेस्ट मेकअप एंड आउटफिट का पुरस्कार आयुषी हरदहा तथा मोस्ट एनर्जेटिक परफॉर्मेंस का पुरस्कार तनीषा सुखवानी को दिया गया।

गरबा लिटिल प्रिंसेस : इसमें प्रथम ख्वाहिश चंदनानी, द्वितीय अनन्या सिंह और तृतीय मिष्टी कुकरेजा रहीं। गरबा प्रिंसेस : इसमें प्रथम मुस्कान फागवानी,द्वितीय कोमल क्षत्री और तृतीय सिमरन कटियार को पुरस्कृत किया गया। गरबा क्वीन : इसमें प्रथम डिंपल लालवानी, द्वितीय श्रद्धा कछवाहा और तृतीय रिकू कटिया को पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं लकी ड्रॉ में नूपुर कछवाहा को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।


समापन समारोह में जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रामेश्वर झारिया,पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष पारस असरानी,सचिव गुलशन वरदानी,समाजसेवी रोचीराम गुरवानी,सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा,भाजपा नगर अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत,सुशील पमनानी,मोहन तलरेजा,शेरू पमनानी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। गरबा आयोजन में पुलिस विभाग के विशेष सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम का मंच संचालन अनुष्का मालवानी ने किया।

सेवानिवृत्त प्राचार्य के स्वत्वों का भुगतान अटका

25 हजार रुपये लेने का आरोप

जनसुनवाई में कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने लिया संज्ञान





मण्डला। जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल मगरधा, विकासखंड बीजाडांडी से 30 जून 2026 को प्राचार्य पद से सेवानिवृत्त हुए डॉ. विजय दुबे ने अपने सेवानिवृत्ति संबंधी स्वत्वों का भुगतान नहीं होने की शिकायत कलेक्टर मण्डला से की है। उन्होंने जीपीएफ, अवकाश नगदीकरण, पेंशन एवं ग्रेच्युटी की राशि का शीघ्र भुगतान कराने की मांग की है। मामले में कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने जनसुनवाई के दौरान संज्ञान लेते हुए जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारी विष्णु सिगौर को प्रकरण का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

पेंशन प्रक्रिया के नाम पर 25 हजार रुपये लेने का आरोप-

डॉ. दुबे द्वारा 13 अक्टूबर 2026 को जनसुनवाई में प्रस्तुत आवेदन के अनुसार, उनका पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) जारी हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद सेवानिवृत्ति संबंधी स्वत्वों का भुगतान लंबित है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेंशन प्रक्रिया के नाम पर उनसे 25 हजार रुपये लिए गए। आवेदन में उल्लेख है कि 10 हजार रुपये 24 अप्रैल 2026 को कार्यालय कर्मचारी सतेन्द्र के खाते में तथा 15 हजार रुपये 26 जून 2026 को रोहित के खाते में ऑनलाइन हस्तांतरित किए गए। शिकायतकर्ता के अनुसार, इस राशि की कोई पावती भी नहीं दी गई। उन्होंने सवाल उठाया कि पेंशन प्रक्रिया के नाम पर राशि लेने के बावजूद भुगतान में देरी क्यों हो रही है।

आर्थिक परेशानी से जूझ रहे सेवानिवृत्त प्राचार्य -

डॉ. दुबे का कहना है कि सेवानिवृत्ति के बाद तीन माह से अधिक समय बीतने के बावजूद उनके स्वत्वों का भुगतान नहीं हुआ है। इसके चलते उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर से मामले की जांच कराकर लंबित राशि का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है।

बीईओ का पक्ष नहीं मिला-

इस मामले में बीजाडांडी के विकासखंड शिक्षा अधिकारी अवधेश दुबे का पक्ष जानने के लिए दूरभाष पर संपर्क किए जाने के संबंध में शिकायतकर्ता की ओर से कोई जानकारी नहीं, बल्कि मीडिया द्वारा संपर्क किए जाने पर फोन नहीं उठाए जाने की समस्या सामने आने की बात कही गई है। हालांकि, इस प्रकरण में संबंधित अधिकारी का पक्ष उपलब्ध नहीं हो सका। पेंशन प्रक्रिया के नाम पर राशि लेने और भुगतान में देरी के आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि तथा विभागीय जांच के निष्कर्ष सामने आना शेष है।

अब कार्रवाई पर नजर-

कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई में प्रकरण का संज्ञान लेकर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए जाने के बाद अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि विभाग लंबित स्वत्वों का भुगतान कितने समय में सुनिश्चित करता है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समय पर उनके वैधानिक देयकों का भुगतान मिलना आवश्यक है। ऐसे मामलों में पारदर्शिता और समयबद्ध कार्रवाई से कर्मचारियों का प्रशासन पर भरोसा कायम रह सकता है।

35वीं वाहिनी विसबल ग्वारा में वाहन शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित

मण्डला।



विजयादशमी के पावन पर्व पर आज 35वीं वाहिनी विसबल ग्वारा, मंडला के क्वार्टर गार्ड परिसर में शस्त्र पूजन का आयोजन विधि-विधान से किया गया। इस अवसर पर उप सेनानी श्री इंद्र सिंह परस्ते के मुख्य आतिथ्य में शस्त्रों का पूजन एवं हर्ष फायर कराया गया। इसके साथ ही वाहिनी के समस्त वाहनों का भी विधि-विधान से पूजन किया गया। कार्यक्रम में सहायक सेनानी नरेश कुडप्पा, यशपाल कटरे, सामग्री अध्यक्ष देवेंद्र टेकाम, सूबेदार मेजर बख्त सिंह मरावी, वाहन शाखा प्रभारी वीरन सिंह सलाम, आर्म्स प्रभारी युगल किशोर प्रजापति सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। पूजन के पश्चात सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने जिले में शांति एवं सुरक्षा की कामना की।

इस दीपावली, आपके घर की अतिरिक्त वस्तुएं बनेंगी किसी जरूरतमंद की खुशियाँ

आनंदम (दुआओं का घर), मंडला के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण 21 अक्टूबर को

मण्डला।

हम सभी के घरों में ऐसी अनेक वस्तुएं होती हैं, जिनकी हमें अब आवश्यकता नहीं होती, लेकिन वही वस्तुएं किसी जरूरतमंद के लिए अनमोल उपहार बन सकती हैं। आपके घर में रखे अतिरिक्त कपड़े, जूते-चप्पल, पुस्तकें, कॉपियाँ, पेन-पेंसिल, बिस्तर, घड़ी, चूड़ियाँ, बिंदी एवं अन्य श्रृंगार सामग्री किसी के चेहरे पर मुस्कान ला सकती हैं। विगत 4 दिसंबर 2016 से निरंतर संचालित आनंदम (दुआओं का घर), मंडला जरूरतमंदों के लिए आशा और सहयोग का केंद्र बना हुआ है। यहाँ दूरस्थ ग्रामीण अंचलों से आने वाले ग्रामीणों, मजदूरों तथा न्यायालयीन एवं अन्य कार्यों से मंडला पहुंचने वाले जरूरतमंदों को उपयोगी वस्तुएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं।

21 अक्टूबर 2026 को आनंदम के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण होने जा रहा है। इस शुभ अवसर पर आप सभी से विनम्र अपील है कि दीपावली की खुशियों को जरूरतमंदों के साथ साझा करें। आमजन से अनुरोध है कि अपनी आवश्यकता से अधिक, अच्छी स्थिति में मौजूद उपयोगी वस्तुएं आनंदम (दुआओं का घर), मंडला में अवश्य पहुंचाएं। आपकी दी हुई वस्तु किसी जरूरतमंद के लिए नई उम्मीद, किसी बच्चे के लिए पढ़ाई का सहारा और किसी परिवार के लिए खुशियों की वजह बन सकती है। याद रखिए, जिस वस्तु का आपके लिए अब उपयोग नहीं, वह किसी दूसरे के लिए बेहद कीमती हो सकती है। आइए, इस दीपावली केवल अपने घर ही नहीं, दूसरों के जीवन में भी खुशियों के दीप जलाएं। वस्तुओं का दान करें, जरूरतमंदों की मदद करें और उनके चेहरों पर खिलती मुस्कान का आनंद अनुभव करें। आपका छोटा-सा सहयोग, किसी जरूरतमंद के जीवन में बड़ी खुशी ला सकता है।

एक माह में ही गिर गई पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई गई बाउंड्री वॉल

गुणवत्ता व बच्चों की सुरक्षा पर खड़े हो रहे सवाल

नवोदय विद्यालय द्वारा दी गई थी राशि

मण्डला। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा नवोदय विद्यालय पदमी के परिसर में बनाई गई बाउंड्री वॉल एक माह के अंदर ही गिर गई लेकिन अब इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।





जिससे विभाग के कार्यों की गुणवत्ता एवं बच्चों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय की क्षतिग्रस्त 40 मीटर बाउंड्री वॉल को पुनः निर्मित कराने के लिए मार्च 2023- 24 में विद्यालय द्वारा पीडब्ल्यूडी विभाग को बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए 5 लाख 36 हजार रूपए दिए गए थे और विभाग ने जून 2025 को कार्य पूर्ण कर दिया था लेकिन यह निर्माण कार्य जुलाई 2025 के प्रथम सप्ताह में ही एक माह के अंदर गिरकर ध्यवसत हो गया है। यह बात सभी जिम्मेदारों के संज्ञान में है फिर भी दोबारा निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है। अब तो विद्यालय में खतरनाक जानवर घुसने लगे हैं। जिससे पालकों की चिंता बढ़ गई है। विचारणीय विषय है कि जिस विद्यालय से पढ़कर अधिकांश लोग बड़े-बड़े प्रशासनिक पदों पर कार्य कर रहे हैं और तैयार किए जा रहे हैं। ऐसे में यहां के विद्यालय परिसर पर पीडब्ल्यूडी विभाग का ये गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य यहां के पढ़ने वाले बच्चों को क्या संदेश दे रहा है। हालांकि यह निर्माण कार्य विभाग के पूर्व इंजीनियर श्री भलावी की देखरेख में कराया गया था। मामला वर्तमान इंजीनियर त्रिपाठी मैडम के संज्ञान में भी है फिर भी निर्माण कार्य को पूर्ण कराने की दिशा में समय पर कदम नहीं उठाया जा रहा है। जबकि मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान पदस्थ विभाग की इंजीनियर मैडम त्रिपाठी सतना के नवोदय विद्यालय की छात्रा रह चुकी हैं। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है की इस बाउंड्री वॉल को अब शीघ्र बनाया जाएगा।

खबर संक्षेप

राष्ट्रीय स्तर के मार्ग गड्ढो में तब्दील होने से परेशान हो रहे वाहन चालक

सालीचौका। भले ही सरकार द्वारा हर वर्ष अपने बजट में नई सड़को का निर्माण कराने के लिये अरबों रूपया खर्च करने की बात कही जा रही है। मगर जिस प्रकार से पुरानी सड़को की स्थिति हो रही है उस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही देने का परिणाम इस प्रकार से बन चुका है कि इन सड़को पर वाहन चालकों को सड़क खोजना मुश्किल होने लगा है? इस बात की सच्चाई इस समय राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख माने जाने वाले जबलपुर से भोपाल की ओर जाने वाले गाडरवारा पिपरिया के बीच देखने मिल रही है, जहां पर इस मार्ग पर गड्ढो की भरमार होने के कारण आये दिन घटनाएं घटित होना आम बात हो चुकी है। वही दूसरी ओर समीपस्थ ग्राम पनागर के पास स्थित नाग मंदिर के समीप सड़क पर निकला हुआ गड्ढा अब वाहन चालकों के लिये जान लेवा साबित होते हुये दिखाई देने से नही चूक रहा है। बताया जाता है कि यह गड्ढा दिनों दिन अपना रूप बढ़ाते हुये दिखाई दे रहा है जिसके चलते वाहन चालकों का निकलना मुश्किल हो गया है। बताया जाता है कि अब इस मार्ग से निकलने वाले वाहनों से शासन प्रशासन द्वारा टोल टेक्स के रूप में राशि बसूलने की भी तैयारी कर डाली है जिसके चलते टेल टेक्स बसूलने के लिये तैयार निजी कंपनी द्वारा सड़क सुधार के नाम पर लीपा पोती करते हुये गड्ढो को भरने के नाम पर कुछ जगहों पर मात्र औपचारिकता निभाते हुये पैसा बसूलने के नाम पर तैयार होकर बैठ चुकी है। मगर वाहन चालकों के लिये गड्ढो से कोई राहत दिखाई नही दे रही है।

सड़को पर वाहनों का डेरा यातायात में पहुंचा रहा बाधा

गाडरवारा। शहर की स्टेट बैंक शाखा की आधी सड़क वर्तमान में पार्किंग स्थल के रूप में तब्दील होकर रह गयी है। हालत यह है कि स्टैट बैंक में पार्किंग व्यवस्था के अभाव के चलते इस बैंक में आने वाले उपभोक्ता मनमर्जी से कही भी बेतरतीब ढंग से अपने वाहन खड़े कर देते है और रोज स्टैट बैंक शाखा के सामने वाहनों का जमावड़ा लगने से राहगीरो को आवागमन में असुविधा करने मजबूर होना पड़ता है और आटो, दो पाहिया वाहन चालकों को अपने वाहन निकालने में दिक्कत होती है, गौरतलब है कि नगर की स्टेट बैंक शाखा के सामने की सडक व्यस्ततम मानी जाती है, स्टेट बैंक शाखा के बाजू में नपा., शिक्षा संस्थाओं में जाने वाला रास्ता है और इसी मार्ग से लोग पानी की टंकी के पास लगने वाले सब्जी बाजार पहुंचते है, ऐसे में स्टैट बैंक के सामने अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़े रहने से शहरवासियो कों भारी परेशानी हो रही है, बैंक ग्राहकों का कहना है कि नगर की स्टेट बैंक शाखा वर्षो पुरानी है पर दुर्भाग्य की बात है कि अभी तक उसकी खुद की पार्किंग व्यवस्था नही बन पायी है, जिसके कारण न चाहते हुए भी बैंक ग्राहक सड़के किनारे अपने वाहन खडे कर देते है। ज्ञातव्य है कि स्टेट बैंक के सामने खड़े रहने वाले बैंक उपभोक्ताओं के वाहन उस दौरान असुरक्षित रहते है, जब वे बैंक के भीतर अपना काम कराने में व्यस्त रहते है, साथ ही वाहन चालकों को उनके वाहन चोरी जाने की आशंका भी बनी रहती है। शहरवासियो ने स्टेट बैंक प्रबंधन से अपेक्षा व्यक्त की है कि वह बैंक उपभोक्ताओं के हित में शहर की स्टेट बैंक शाखा के आसपास जगह चिन्हित कर पार्किंग व्यवस्था बनाने की पहल करें ताकि बैंक के सामने की सड़क जाम लगने से मुक्त हो सके।

नगर में दौड़ रहे बगैर नम्बर प्लेट के वाहनों को नजर अंदाज करना पड़ सकता है भारी

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। नगर में प्रतिदिन यातायात व्यवस्था खराब होते जा रही ही और इस समस्या की ओर अनेको बार जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित नगर के समाज सेवको द्वारा पुलिस के वरिष्ट अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया चुका है मगर इसके बाद भी यातायात विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा है। जिसके कारण नगर सड़को पर खुलेआम बिना नंबर प्लेट की गाड़ी दो पहिया वाहनों में तीने सवारी, छोटे छोटे बच्चों का सरपट वाहनों को दौड़ने के साथ साथ वाहनो में कान फोडू व ककर्स हार्न लगाने का क्रम जारी है, यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इन दिनों नगर में चलने वाले लगभग 40 प्रतिशत टू व्हीलर वाहन व 40 प्रतिशत चौपाहिया वाहन शामिल है, जो प्रतिदिन नगर के मुख्य चौराहों से बेखौफ होकर गुजरते बगैर नबंर के वाहन दिखाई देते है फिर भी पुलिस इन पर ना तो कोई कार्यवाही कर पा रही है ना उनको पकड़ने में कोई अंकुश अभी तक लगा पाई है, जिसके चलते नगर में इन दिनों नाबालिग बच्चों को गाड़ियां चलाने का जुनून सा दिख रहा है। यदि नगर की सच्चाई पर गौर किया जावे तो नियमों को दर किनार करते हुये दौड़ने वाले इन वाहनों में प्रमुख रूप से दोपहिया गाड़ियों में तीन लोग सवार होकर फर्राटे से और मस्ती करते हुए दौड़ा रहे होते है जो कभी भी रास्ते से गुजरने वाले राहगिरों को अपनी चपेट में लेने से नही चूकते है।

मातारानी से बिछड़ने की बेला में आंसुओं से भरी हुई अंखियों के बीच भक्तों ने जगत जननी को दी गई विदाई

नौ दिन नौ माई दसम दिन विदाई... लो विसर्जन को चली रे ओ मोरी अम्बे माँ.....





शहर की शक्कर नदी में बनाये गये कुंड में देर रात्रि तक चलता रहा प्रतिमाओं का विसर्जन...





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। शक्ति की अधिष्ठात्री माँ भवानी अपने भक्तों पर सदा ही आशीष की वर्षा करने तत्पर रहने वाली माँ जगत जननी दुर्गा जी के आराधना पर्व शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में नवरात्र के दौरान इस साल लगातार 10 दिनों तक पूर्णरूप में धर्ममय वातावरण के चलते धूमधाम के साथ मनाया गया है। इस दौरान देखा गया कि माताओं, बहिनों ने शासन के निमयों का पालन करते हुये बड़े ही उत्साह व उमंग तथा श्रद्वा के साथ माँ अम्बे की भक्ति में लीन रहते हुये इस पर्व को मनाया गया। शक्ति स्वरूपा माँ भगवती की भक्ति, उपासना के पर्व शारदेय नवरात्र पर जहां समूचा शहर बिद्युत रंग बिरंगी रोशन से जगमगता रहा और सुबह से रात तक हिन्दू धर्मावलंबी मातारानी की भक्ति, उपासना में सुध बुध खोकर लीन रहे जिसके चलते देवी मंदिरों व माँ दुर्गा के स्थापना स्थलों पर श्रद्वालुओं की जहां भीड़ उमड़ती रही। वही नगर में धार्मिक आयोजनों का अनवरत सिलसिला चलता रहा। लेकिन बीत हुये मंगलवार को नवरात्र उत्सव का समापन होने से मातारानी को बिदा करने के दौरान शहरवासियों में उदासी का वातावरण छा गया और नगर में चुभने वाला सूनापन व्याप्त होने से नही चूक पाया। क्योंकि देवी प्रतिमाओं का हवन पूजन होने के बाद अनेक प्रकार की रंगी विरंगी रोशनियों से सजी हुई गलियों में सूनापन दिखाई देने लगा। इस तरह नौ दिन नौ माई दसम दिन बिदाई लो विसर्जन को चली रे मेरी माई से बिछड़ने की बेला को देखते हुए लोगों के चेहरों पर पूर्णरूप से माँ अम्बे से एक वर्ष के लिए बिछड़ने की उदासी साफ नजर आ रही थी। नौ दिन नौ माई के चलते जहां नगर की सड़को पर धूमधाम के साथ लोगों ने लगातार नौ देवीयों के दर्शन किये गये और माँ दुर्गा के आकर्षक प्रतिमा स्थलों पर हवन, पूजन, महा प्रसादी वितरण, कन्या भोज के कार्यक्रम आयोजित हुए, इसके उपरांत दसम दिन यानि की विजयादशमी के मौके पर माँ दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन की बेला आई तो नगर की सड़को पर ढोल ढमाकों के साथ विसर्जन जुलूस निकलने का सिलसिला प्रारंभ हुआ। इन जुलूसों में भक्ति गीतों की धुनों पर दुर्गोत्सव समितियों के सदस्य, युवा, बच्चें नृत्य करते हुए चल रहे थें और चहुंओर माँ दुर्गा की जयकार के स्वर गूंज रहे थें। वही देवी प्रतिमाओं के साथ देवी स्थलों व लोगों द्वारा अपने घरों में स्थापित किये गये जबारों का विसर्जन के चलते जहां महिलाएं अपने सिरों को जबारा कलश लेकर चल रहे थी तो अनेक देवी पंडा अपने गालों में त्रिशूल आर पार करते हुए नगर की गलियों से नृत्य प्रस्तुत करते हुये चल रहे थें। जिसके चलते विसर्जन कार्यक्रम को धर्ममय बनाने में कोई कसर नही छोड़ रहे थें। इस प्रकार से शहर में मातारानी की प्रतिमाओं के अंतिम दर्शन करने श्रद्वालु बेताब नजर आ रहे थें और भक्तों का जमावड़ा शक्कर नदी के छिडाब घाट पर नगरवासियों का हुजूम इस प्रकार से लगा हुआ था जो एक मेले के समान जान पड़ रहा था। शाम ढलने के बाद हजारों श्रद्वालु माता, बहिनों की उपस्थिति में दुर्गोत्सव समितियों की ओर से माँ दुर्गा की पूजित प्रतिमाओं का बीते हुये मंगलवार को विसर्जन शक्कर नदी में नपा प्रशासन द्वारा बनाये गये विशेष विसर्जन कुंड में भक्ति भाव के साथ किया गया जो देर रात तक जारी रहा। गौरतलब है कि कल बुधवार यानि की दूसरे दिन भी शारदेय नवरात्र पर स्थापित प्रतिमाओं में शेष रही नगर की प्रतिमाओं और समीपस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित की गई प्रतिमाओं का विसर्जन शक्कर नदी के कुंड में किया गया। वही देवी प्रतिमा विसर्जन को लेकर जहां पुलिस प्रशासन पूर्णरूप से चौकन्ना रहते हुए नगर में चप्पे चप्पे पर पुलिस को तैनात देखा गया। वही दूसरी ओर विसर्जन कुंड पर भी आमजन की सुरक्षाओं को ध्यान में रखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। वही प्रतिमाओं की साईज अधिक होने के चलते इस वर्ष विसर्जन के लिये क्रेन मशीन भी लगाई गई थी। वही दूसरी ओर नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा, जयंत ब्राऊन चिन्टू भाई, संजय श्रीवास, प्रमोद चौहान सहित नगर पालिका के अन्य अधिकारी व कर्मचारियों के आलवा अन्य विभाग के कर्मचारी जिनकी डियूटी लगाई गई थी। वह दुर्गा विसर्जन दिवस पूरे दिन नगर सहित क्षेत्र का भ्रमण करते हुए देवी प्रतिमाओं के विसर्जन की स्थिति पर अपनी पैनी नजर रखे हुए थें। वही व्यवस्थाओं लेकर नगर पालिका अध्यक्ष शवांता मिश्रा खुद भी हर दो तीन घंटे के बीच विसर्जन स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण करते हुये देखे गये। वही शक्कर नदी में प्रतिमाओं को लाने ले जाने के लिए नगर निरीक्षक द्वारा बनाई गई रूप रेखा की भी देवी समितियों द्वारा सराहना इस बात को लेकर की गई कि किसी भी समिति को किसी भी प्रकार से परेशानी का सामना करने के लिए मजबूर नही होना पड़ा और वह शांति पूर्वक अपनी प्रतिमा का विसर्जन करते हुए खुशी के साथ अपने घरों को लौटे। वही दूसरी ओर नपा प्रशासन के साथ राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा भी देवी प्रतिमा विसर्जन को लेकर अच्छी व्यवस्थाएं बनाई गई थी जिसके चलते जहां नगर के प्रमुख प्रशासनिक अधिकारियो द्वारा विसर्जन कुंड पर मौजूद रहते हुए प्रतिमाओं का विजर्सन कराया गया। वही इस दौरान नगर पालिका प्रशासन का संपूर्ण स्टाफ द्वारा भी उनके द्वारा निर्मित कराये गये कुंड में देवी प्रतिमाओं को विसर्जन हेतु ले जाने वाली समितियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसका ध्यान रखने के लिए वह सारे दिन मौजूद रहे तथा आमजन की सुविधाओं के लिए विशेष ध्यान रखे हुए थें। इसी प्रकार से समीपस्थ सांईखेड़ा, सालीचौका, चीचली, पलोहा, बारहाबड़ा, सिंहपुर छोटा, सडूमर, देवरी मिढ़वानी, खुलरी, भौरझिर, घघरौला, कोठिया, ललवानी, कौड़िया, कल्याणपुर सहित क्षेत्र के अनेक गांवों में भी देवी प्रतिमाओं का विसर्जन बड़े ही धूमधाम के साथ किया गया।

राजपूत महासभा द्वारा किया गया रावण का दहन, धू धू कर जला 51 फिट का रावण



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी नगर के पुराने कॉलेज ग्राउंड भगवान राम के हाथों बुराई का प्रतीक रावण धू धू कर जल गया। उक्त आयोजन राजपूत क्षत्रिय महासभा द्वारा आयोजित किया गया था। इस प्रकार से आयोजित हुये कार्यक्रम में रावण दहन के पूर्व सुंदर कांड रामायण पाठ सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन सहित शस्त्रों का पूजन उपरांत रामलीला का मंचन किया गया, जिसमें बच्चों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। वही राजपूत समाज द्वारा कार्यक्रम में पधारे क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा व परिहवन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के आलवा स्थानीय नेताओं सहित अन्य जनमानस को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक पर्व विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दी। वही कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत राजपूत बेटियों द्वारा पौराणिक, ऐतिहासिक व धार्मिक एवं भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत राष्ट्रप्रेम, राष्ट्र भक्ति से युक्त नृत्य नाटिकाओं पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वैसे तो देखा जावे आयोजन समिति द्वारा रावण दहन करने का कार्यक्रम 10 बजे रात निर्धारित किया गया था। इस तरह नगर के पुराने कालेज मैदान पर 51 फिट के रावन का दहन होने से वही धू धूकर चलते हुये दिखाई पड़ा।

दशहरा के दिन शहर से बाहर नीलकंठ के दर्शनों के लिये उमड़ी भीड़, रास्ते पर बनी जाम की स्थिति



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नीलकंठ पक्षी को धार्मिक ग्रंथों में भगवान विशेष वाहन माना जाता है और कहा जाता है कि विजय दशमी के दिन यानि दशहरा के दिन किसी व्यक्ति को यदि इस नीलकंड पक्षी के दर्शन हो जाते है तो शुभ माना जाता है। इसी के चलते हर वर्ष देखा जाता है कि दशहरा पर्व के दिवस नगर के लोग शहर के बार खेतों वाले क्षेत्र में एकत्र होकर नील कंठ के दर्शनों के लिये हुजूम उमड़ते हुये देखा जाता है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये मंगलवार को दशहरा पर्व के दौरान भी नगर के बाहर मुख्य सड़कों पर जहां लोगों का हुजूम लगा हुआ देखा गया तो कुछ लोग नील कंठ को बुलाने के लिये आग जलाकर धुंआ करते हुये भी देखे गये। क्योंकि बुजुर्गों का कहना है कि धुंआ उठने के चलते नीलकंठ पक्षी उस स्थान पर पहुंच जाता है जहां से धुंआ निकल रहा होता है..? खैर सच्चाई जो भी हो उसे तो भगवान ही जाने मगर काफी इंतजार के बाद जब लोगों को बिजली लाईन के तार पर नीलकंठ बैठा हुआ नजर आया तो लोग खुशी के मारे झूलने से नही चूक पाये और लोगों द्वारा नीलकंठ के दर्शन पाकर अपने दशहरा पर्व को शुभ माना गया।

कल से नगर के रूद्र मैदान सहित अन्य तीन स्थानों पर होगा 70 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज गाडरवारा। प्रदेश के स्कूल शिक्षा व परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह के प्रयासों से पिछले वर्षो में राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी तथा व्हालीबॉल प्रतियोगिताओ के सफल आयोजन उपरांत इस वर्ष सत्र 2026-27 के खेल कैलेंडर के तहत नगर में 70वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कल 23 से 28 अक्टूबर तक होने जा रहा है। बताया जाता है कि इस प्रतियोगिता का रंगारंग भव्य शुभारंभ कल 23 अक्टूबर को नगर के पुराने कालेज खेल मैदान पर होगा। ज्ञात हो कि 19 वर्ष बालक वर्ग के लिए आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता में जबलपुर, सागर, नर्मदापुरम, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, रीवा, उज्जैन, शहडोल एवं जनजातीय कार्य विभाग सहित कुल 10 संभागों के लगभग 160 खिलाड़ी एवं 30 ऑफिशियल्स भाग लेंगे। प्रतियोगिता में नगर के रूद्र मैदान के आलवा चीचली, अशासकीय बाल भारती एनटीपीसी एवं शासकीय राघव कृषि उ मा विद्यालय बोहानी के खेल मैदानो पर प्रतिदिन 2 मैच खेले जायेंगे। इन टीमों को दो पूलों में रखा गया है। जैसे जैसे आयोजन की तिथि नजदीक आ रही है, वैसे वैसे आयोजन से जुडी तैयारियां जोर पकड़ते हुये देखी जा रही है। प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु आयोजन समिति की अध्यक्ष कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने विभिन्न समितियों का गठन करते हुए उनमे प्रभारी, सह प्रभारी एवं सदस्यों की नियुक्ति कर उनसे बेहतर कार्य करने की अपेक्षा जताई है। प्रतियोगिता का कार्यकारी अध्यक्ष जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र नागेश, नोडल अधिकारी एसडीएम प्रगति वर्मा, संगठन सचिव डीईओ डॉ अनिल कुशवाहा, सह सचिव जिला क्रीड़ा व कल्याण निरीक्षक के आलवा प्रतियोगिता संयोजक सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे को नियुक्त किया गया है। समितियों में प्रमुख रूप से आवास, भोजन (मेस), परिवहन, साफ-सफाई, पेयजल, स्वागत, प्रचार प्रसार, चिकित्सा, आपत्ति निराकरण, क्रीड़ागन, सामग्री क्रय, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कम्युनिकेशन सहित अन्य समितियाँ बनाई गई है। आयोजन में सहभागिता हेतु संभाग के दलों का आगमन आज 22 अक्टूबर से ट्रेनों/ बसों द्वारा शुरू हो जायेगा। टीमों की आवास व्यवस्था नगर के अशासकीय न्यू एज पब्लिक स्कूल, के एम स्कूल, क्रेयान स्कूल एवं शिवा इंटरनेशनल स्कूल दिघोरी में की गई है। वही भोजन के लिए मैस स्थानीय पीएमश्री शा कन्या नवीन उ मा विद्यालय में तैयार की जा रही है। टीमों को आवास स्थलों से मैस व मैदानो तक बसों द्वारा ले जाया जायेगा। ज्ञात हो कि नगर व क्षेत्र में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा क्रिकेट खेल में राज्य स्तर का यह पहला आयोजन है जिसे लेकर उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

यूडाइज पोर्टल प्रशिक्षण हेतु कार्यशाला का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज/साईंखेड़ा। कार्यालय जनपद शिक्षा केंद्र (समग्र शिक्षा अभियान) साईंखेड़ा द्वारा सत्र 2026-27 के लिए यूडाइज पोर्टल पर डाटा संकलन और इसके उपयोग से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन आज 22 अक्टूबर दिन गुरुवार को किया जा रहा है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक साईंखेड़ा द्वारा जारी निर्देशानुसार यह प्रशिक्षण कार्यशाला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीटीआई स्कूल गाडरवारा में आयोजित की जाएगी। इसमें विकासखंड साईंखेड़ा के अंतर्गत आने वाली समस्त शासकीय शालाओं के यूडाइज पोर्टल पर कार्य करने वाले शिक्षकों/ऑपरेटरों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। वही बताया जाता है कि प्रशिक्षण का प्रथम सत्र (दोपहर 12:00 बजे से 02:00 बजे तक) आयोजित किया गया है इसमें शासकीय उ.मा.वि. आदर्श गाडरवारा, शासकीय उ.मा.वि. कन्या नवीन गाडरवारा एवं शासकीय उ.मा.वि. आमगांव छोटा जनशिक्षा केंद्रों के शिक्षक/ऑपरेटर भाग लेंगे। वही द्वितीय सत्र (दोपहर 02:30 बजे से 05:00 बजे तक) तक रहेगा इसमें शासकीय उ.मा.वि. पलोहा बड़ा, शासकीय उ.मा.वि. बम्होरीकला एवं शासकीय उ.मा.वि. बनवारी जनशिक्षा केंद्रों के शिक्षक/ऑपरेटर भाग लेंगे। निर्देश दिये गये है कि समस्त प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण में अपने साथ टेबलेट लाना अनिवार्य है। सभी संबंधित शिक्षक/ऑपरेटर OD (ऑन ड्यूटी) लगाकर प्रशिक्षण में सहभागिता करेंगे तथा दिवस के शेष समय में अपनी शाला में उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। ब्लाक शिक्षा अधिकारी सुश्री सीमा डोंगरे एवं बीआरसी संदीप स्थापक ने प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थिति निर्देश दिये है।



कल्याणपुर में विद्यार्थियों को दी गई अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला शिक्षा अधिकारी डॉ अनिल कुशवाहा के निर्देशन में बीते हुये दिवस चीचली ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर में शिक्षा के क्षेत्र में शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे गणवेश, निशुल्क सायकल, ई स्कूटी, लैपटॉप वितरण सहित अन्य विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों के बारे में स्कूल के शिक्षक मनीष नेमा ने छात्र छात्राओं को जानकारियाँ प्रदान की गई। इस अवसर पर ग्राम कल्याणपुर के वरिष्ठ नागरिक एवं लाभार्थी देवीप्रसाद कौरव द्वारा उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना, रोगियों के उपचार हेतु आयुष्मान योजना, युवाओं के लिए कौशल विकास योजना के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में संचालन प्राचार्य ओमप्रकाश कौरव एवं आभार वरिष्ठ शिक्षक शिवदास चढ़ार ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में राजेश पटेल,रुचि वर्मा,योगेश कौरव सहित छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

साईखेड़ा व चीचली के जन शिक्षा केंद्रों पर कक्षा पहली व दूसरी पढ़ाने वाले शिक्षकों के बीच आयोजित हुये शैक्षिक संवाद



हरिभूमि न्यूज/साईंखेड़ा। क्षेत्र के साईखेड़ा एवं चीचली ब्लॉक के सभी जन शिक्षा केंद्रों में शासकीय शालाओं के कक्षा पहली एवं दूसरी कक्षा पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया। संवाद का प्रमुख विषय अधिगम सामग्री एवं सीखना रहा। कार्यक्रम में शिक्षकों ने प्रारंभिक कक्षाओं में बच्चों के सीखने के स्तर को समझने, उनकी आवश्यकताओं की पहचान करने को लेकर विस्तृत चर्चा की एवं टीएलएम बनाये। शैक्षिक संवाद में नोडल जनशिक्षको एवं सहजकर्ताओं द्वारा शिक्षकों के साथ विभिन्न गतिविधियों एवं उदाहरणों के माध्यम से अधिगम की अवधारणा को सरल तरीके से समझाया गया। उन्होंने बताया कि अधिगम का उद्देश्य सीखना तो है। लेकिन सीखने के स्तर को बेहतर बनाना भी है। पूरे आयोजन के दौरान शैक्षिक विमर्श के साथ-साथ मनोरंजक गतिविधियों का संतुलित समावेश रहा, जिससे संवाद का वातावरण सहज, जीवंत एवं आनंददायी बना रहा। उक्त शैक्षिक संवाद चीचली ब्लॉक में उत्कृष्ट विद्यालय चीचली सहित जन शिक्षा केंद्र कठौतिया, सूखाखैरी, बारहाबड़ा, सालीचौका, करपगांव, शाहपुर, तेंदूखेड़ा एवं साईखेड़ा ब्लॉक में साईखेड़ा के ग्राम बनवारी,आमगांव छोटा, बम्हौरी कला, पलोहाबड़ा सहित गाडरवारा के कन्या नवीन व आदर्श स्कूल जनशिक्षा केंद्रों में आयोजित हुए।

खबर संक्षेप

भाजपा जिला मीडिया सह प्रभारियों की नियुक्ति, मनोज यादव और अजय बर्मन को मिली जिम्मेदारी



डिंडौरी। भारतीय जनता पार्टी जिला डिंडौरी में संगठनात्मक नियुक्ति करते हुए जिला मीडिया सहप्रभारियों की घोषणा की गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने जिला मीडिया प्रभारी राज साहू की सहमति से मनोज कुमार यादव और पूरनलाल बर्मन (अजय) को जिला मीडिया सहप्रभारी नियुक्त किया है।जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार, मनोज कुमार यादव निवासी ग्राम पड़रिया खुर्द, शहपुरा और पूरनलाल बर्मन (अजय) निवासी वार्ड क्रमांक 09, नर्मदागंज, डिंडौरी को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।नियुक्ति के बाद दोनों पदाधिकारियों से पार्टी की गतिविधियों, संगठनात्मक कार्यक्रमों और जनहित से जुड़े विषयों को मीडिया के माध्यम से प्रभावी ढंग से सामने रखने की अपेक्षा की गई है।

स्वास्थ्य विभाग में बड़ा प्रशासनिक फैसला, संलग्नीकरण आदेश निरस्त

अनूपपुर। जिले के स्वास्थ्य विभाग में लंबे समय से विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों एवं कार्यालयों में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों को लेकर बड़ा प्रशासनिक फैसला सामने आया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला अनूपपुर द्वारा 20 अक्टूबर को जारी आदेश के तहत विभिन्न कार्यालयों एवं स्वास्थ्य संस्थानों में किए गए संलग्नीकरण तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए हैं। जारी आदेश में संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को उनकी मूल पदस्थापना वाली संस्था में उपस्थित होना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त आदेश के अनुसार, प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के 26 सितंबर के निर्देशों तथा स्वास्थ्य आयुक्तालय द्वारा 7 अक्टूबर को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिए गए निर्देशों के पालन में यह कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं, रीवा संभाग के 9 अक्टूबर के आदेश का भी उल्लेख किया गया है, जिसमें विभिन्न प्रकार के संलग्नीकरण एवं लगाए गए ड्यूटी आदेश निरस्त करने के निर्देश दिए गए थे।

भोपाल में जन जातीय छात्रों से अभद्रता का आरोप अजाक्स ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन





हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी । मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) ने भोपाल में 13 अक्टूबर 2026 को आयोजित गोंडवाना छात्र संघ की रैली के दौरान जनजातीय समाज के छात्रों के साथ कथित अभद्रता, गाली-गलौज और सांस्कृतिक पहचान के अपमान का गंभीर मामला उठाया है। संघ ने इस संबंध में मध्यप्रदेश की राज्यपाल मंगुभाई पटेल को संबोधित ज्ञापन पत्र कलेक्टर, डिंडौरी के माध्यम से भेजकर दोषी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।अजाक्स संघ के जिला शाखा अध्यक्ष बिहारी सिंह परस्ते, जीएसयू, जयस, भीम आर्मी द्वारा सयुंक्त रूप से 21 अक्टूबर 2026 को सौंपे गए ज्ञापन पत्र में उल्लेख है कि भोपाल में गोंडवाना छात्र संघ की रैली के दौरान पुलिस ने कुछ छात्रों को हिरासत में लिया। इस दौरान पुलिस निरीक्षक रतन सिंह परिहार एवं अन्य पुलिसकर्मियों पर जनजातीय समाज के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने और समाज की पारंपरिक सांस्कृतिक पहचान 'जोहार' शब्द का अपमान करने का आरोप लगाया गया है।शिकायत में कहा गया है कि कथित घटनाक्रम के दौरान छात्रों के साथ अमर्यादित व्यवहार किया गया तथा मां-बहन को लेकर अशोभनीय और आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं। संघ ने दावा किया है कि संबंधित घटनाक्रम के वीडियो साक्ष्य भी उपलब्ध हैं।

संवैधानिक मूल्यों और जनजातीय सम्मान का मुद्दा उठाया

अजाक्स ने शिकायत में कहा है कि सार्वजनिक जीवन में किसी समुदाय के प्रति अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करना संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक सद्भाव के विपरीत है। संघ ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार का उल्लेख करते हुए आरोपित आचरण को जनजातीय समाज की गरिमा और सांस्कृतिक अस्मिता पर चोट बताया है।शिकायत पत्र में पुलिस अधिनियम, 1861 की धाराओं 23 एवं 29 तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की प्रासंगिक धाराओं का उल्लेख करते हुए मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। संघ का कहना है कि यदि सार्वजनिक स्थान पर जनजातीय समाज के सदस्यों को जानबूझकर अपमानित किया गया है, तो मामले की निष्पक्ष जांच कर विधि के अनुसार जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।

सेवा से बर्खास्तगी और एफआईआर की मांग

अजाक्स ने राज्यपाल से मांग की है कि पुलिस निरीक्षक रतन सिंह परिहार सहित कथित रूप से संलिप्त अन्य पुलिसकर्मियों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कराई जाए। दोष सिद्ध होने पर संबंधित कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने तथा SC/ST अत्याचार निवारण अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (BNS) की लागू धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए।संघ ने इस मामले में शासन और पुलिस प्रशासन से गंभीरता से संज्ञान लेने का आग्रह किया है। शिकायत पत्र की प्रतिलिपि मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव सहित संबंधित अधिकारियों को भी भेजे जाने का उल्लेख है।

शहपुरा में निकला भव्य दुर्गा प्रतिमा चल समारोह, जगह-जगह हुए भंडारे



शहपुरा। शारदेय नवरात्रि एवं दशहरा पर्व पर शहपुरा नगर में मां दुर्गा की भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालों में विराजमान प्रतिमाओं का भव्य चल समारोह निकाला गया। इस दौरान नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए दशहरा पर्व पर दुर्गा प्रतिमा चल समारोह की शुरुआत वीरांगना रानी दुर्गावती स्टेडियम से हुई। यहां विभिन्न पंडालों की प्रतिमाएं एकत्रित होने के बाद जुलूस नगर भ्रमण के लिए रवाना हुआ। चल समारोह उमरिया रोड, बाजार चौक, गुप्ता मोहल्ला, शंकरगंज, शिवशक्ति चौक, शहीद स्मारक और सब्जी मंडी सहित प्रमुख मार्गों से निकला। इस दौरान माता रानी के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने प्रतिमाओं के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।चल समारोह के दौरान नगर में जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं को चना फ्राई, पुलाव, पोहा-जलेबी, दाल-चावल और कढ़ी-चावल सहित विभिन्न व्यंजनों का प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। नगरवासियों और आयोजनकर्ताओं ने सेवा भाव के साथ श्रद्धालुओं का स्वागत किया। भंडारों के माध्यम से धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सहयोग और सद्भाव की झलक भी देखने को मिली।चल समारोह के अगले दिन मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विधि-विधान से विसर्जन किया गया। प्रतिमाओं को मालपुर, कोसमघाट और मारवाड़ी डैम ले जाया गया, जहां धार्मिक परंपराओं के अनुसार विसर्जन संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता रानी को विदाई देते हुए अगले वर्ष फिर आगमन की कामना की।शहपुरा में विभिन्न दुर्गा पंडालों की प्रतिमाओं का सामूहिक चल समारोह दशहरा पर्व की प्रमुख विशेषता रहा। आयोजन में नगरवासियों और आसपास के ग्रामीणों की भागीदारी देखने को मिली। भव्य चल समारोह, प्रसाद वितरण और विधि-विधान से हुए विसर्जन के साथ पर्व का समापन हुआ। पूरे आयोजन ने धार्मिक आस्था, सेवा भावना और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

शहपुरा में धूमधाम से मना दशहरा उत्सव, रामलीला की झांकियों ने मोहा



शहपुरा। विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें अपने भीतर छिपे अहंकार, क्रोध, ईर्ष्या और द्वेष जैसी बुराइयों को त्यागकर सत्य एवं धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। भगवान श्रीराम की रावण पर विजय की गाथा इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाती है।शहपुरा नगर के दशहरा मैदान में विजयादशमी के अवसर पर भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर की दुर्गा प्रतिमाओं का चल समारोह दशहरा मैदान पहुंचा। रामलीला के विभिन्न पात्रों की आकर्षक झांकियों और पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों ने लोगों का मन मोह लिया। रंग-बिरंगी रोशनी से सजे मंच और रावण के विशाल पुतले ने आयोजन की भव्यता बढ़ाई। उत्सव के दौरान नगर में धार्मिक उल्लास और उत्साह का माहौल रहा।

जनप्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिक " रहे मौजूद

दशहरा उत्सव में शहपुरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रियंका आर्मो, शहपुरा मंडल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती, मंडल महामंत्री नितिन गुप्ता सहित भाजपा मंडल के प्रतिनिधि और नगर के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने क्षेत्रवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं।विजयादशमी हमें सिखाती है कि व्यक्ति कितना भी विद्वान, शक्तिशाली और वैभवशाली क्यों न हो, अहंकार उसके पतन का कारण बन सकता है। रावण इसका प्रमुख उदाहरण है। भगवान श्रीराम की विजय का संदेश है कि अंततः सत्य और धर्म की ही जीत होती है।यह पर्व हमें दूसरों की कमियां देखने से पहले अपने भीतर झांकने और अपनी बुराइयों को पहचानने की प्रेरणा देता है। सच्ची विजय दूसरों को पराजित करने में नहीं, बल्कि अपने भीतर के अहंकार, क्रोध, ईर्ष्या और द्वेष पर विजय पाने में है।दशहरा उत्सव के माध्यम से नगरवासियों को सत्य, प्रेम, सद्भाव और विनम्रता के मार्ग पर चलने का संदेश मिला। भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात कर समाज में अच्छाई और भाईचारे को मजबूत करना ही विजयादशमी पर्व की वास्तविक सार्थकता है।

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि



डिंडोरी। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर बुधवार को पुलिस लाइन डिंडोरी में श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं स्मृति परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान देश की आंतरिक सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को नमन किया गया। कार्यक्रम में शहीदों के साहस, कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।कार्यक्रम में शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया, पुलिस अधीक्षक आशीष खरे, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रेश परस्ते, भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस और डिंडोरी एसडीएम रामबाबू देवांगन सहित जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक आशीष खरे ने 1 सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 तक कर्तव्यपालन के दौरान शहीद हुए 154 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नामों का वाचन किया। इनमें मध्यप्रदेश के नौ और अन्य राज्यों के 145 पुलिसकर्मी शामिल हैं। इसके बाद उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

शहीदों के परिजनों का किया सम्मान

पुलिस स्मृति परेड दल का नेतृत्व कंपनी कमांडर गोकुल मरावी ने किया, जबकि परेड सेकेंड कमांड की जिम्मेदारी सूबे कुंवर सिंह ओलड़ी ने निभाई। इस दौरान पुलिस स्क्वॉड ने भी शहीद जवानों को सलामी देकर सम्मान व्यक्त किया। कर्तव्यपालन के दौरान पूर्व में शहीद हुए पुलिसकर्मियों के परिजनों को शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट सप्रिंग क्षेत्र में चीनी सशस्त्र टुकड़ी के हमले में शहीद हुए 10 पुलिस जवानों की स्मृति में मनाया जाता है। यह दिवस देश की सुरक्षा और नागरिकों की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले पुलिसकर्मियों के त्याग, साहस और कर्तव्यनिष्ठा का स्मरण कराता है।कार्यक्रम के समापन पर शहीद जवानों के बलिदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि देश की सुरक्षा, शांति और जनसेवा के लिए पुलिसकर्मियों का समर्पण सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

प्रस्फुटन समिति शक्ति संचय प्रशिक्षण कार्यक्रम



अमरपुर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशानुसार नवांकुर योजना अंतर्गत एक दिवसीय प्रस्फुटन समिति प्रशिक्षण कार्यक्रम सेक्टर अमरपुर एवं सक्का का बाल विकास विद्या मंदिर अमरपुर में आयोजित की गई। जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय ग्राम पंचायत सरपंच रामनाथ उइे एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक अमर लाल धुर्वे द्वारा भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्जित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं तिलक लगा कर किया गया। तत्पश्चात अतिथि उद्बोधन में अतिथि द्वारा प्रशिक्षण का अर्थ बताते हुए समस्त कार्यकर्ताओं को समय-समय पर प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से करने के लिए कहा गया तथा प्रशिक्षण में जो भी विषय आए उन विषयों को गंभीरता से सीखने समझने का प्रयास करने हेतु कहा गया। इसके उपरांत विकासखंड समन्वयक अमर लाल धुर्वे द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद का परिचय उद्देश्य एवं लक्ष्य, प्रस्फुटन समिति का स्वयंसेवी संगठन के रूप में उन्नयन, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ऐप एवं प्रशिक्षक एवं मेंटर द्वारा दस्तावेजीकरण तथा आत्मा परियोजना से जैविक कृषि के विषय में प्रेम सिंह धुर्वे द्वारा जीवामृत बीजामृत बनाने की विधि का प्रयोग कर जैविक कृषि करने हेतु प्रोत्साहित गया तथा अंत में समस्त प्रतिभागियों को नवांकुर संस्था द्वारा प्रमाण पत्र वितरित कर कार्यक्रम समाप्त किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधि, नवांकुर सखी एवं मेंटर उपस्थित रहे।

शराब के नशे में शिक्षक का वीडियो वायरल होने के मामले में माध्यमिक शिक्षक निलंबित

डिंडौरी - सोशल मीडिया पर शराब के नशे में दिखाई देने वाले एक व्यक्ति का वीडियो वायरल होने के मामले में शासकीय सांदीपनि विद्यालय करंजिया (मोहतरा) में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक दशरथ लाल झारिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार शिक्षक के कार्य व्यवहार में अनियमितता, पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही तथा शैक्षणिक कार्यों की गुणवत्ता से संबंधित प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शासकीय सांदीपनि विद्यालय करंजिया (मोहतरा) के प्राचार्य ने 19 अक्टूबर 2026 को शिक्षक के कार्य व्यवहार एवं शैक्षणिक गतिविधियों में अनियमितताओं को लेकर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था। प्रतिवेदन में सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो क्लिप का भी उल्लेख किया गया है। इसमें शराब के नशे में दिखाई दे रहे व्यक्ति को विद्यालय में पदस्थ शिक्षक बताया गया है। मामले को शासकीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं लोकसेवक के अशोभनीय आचरण से संबंधित मानते हुए मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के नियम 1, 2 एवं 3 के उल्लंघन का उल्लेख किया गया है।प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर संबंधित शिक्षक के विरुद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9 के अंतर्गत निलंबन की कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि के दौरान शिक्षक का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, करंजिया निर्धारित किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।शिक्षक पर हुई इस कार्रवाई के बाद शासकीय सेवकों के कार्य व्यवहार, पदीय दायित्वों के निर्वहन तथा शैक्षणिक गुणवत्ता को लेकर प्रशासनिक जवाबदेही का मुद्दा चर्चा में है। शिक्षा व्यवस्था से जुड़े कर्मचारियों से निर्धारित आचरण नियमों का पालन करने और अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने की अपेक्षा की जाती है।

मानिकपुर पंचायत में मरम्मत के नाम पर लाखों के भुगतान पर सवाल

डिंडोरी। जनपद पंचायत समनापुर की ग्राम पंचायत मानिकपुर में नल-जल योजना के मरम्मत एवं संधारण कार्यों के भुगतान को लेकर सवाल उठे हैं। ग्रामीणों ने सरपंच-सचिव पर अनियमितता के आरोप लगाते हुए जांच दल गठित करने की मांग की है।ग्रामीणों के अनुसार, मौके पर सीमित कार्य हुए, जबकि पुराने बिलों सहित करीब छह लाख रुपये की राशि निकाले जाने का आरोप है। वहीं, पीएचई विभाग के उपयंत्री मंशाराम बाहे ने बताया कि उनके द्वारा कराए गए कार्यों का मापन लगभग डेढ़ से दो लाख रुपये का है।ग्रामीणों ने सामग्री खरीदी के बिलों, मजदूरी भुगतान और जियो-टैग तस्वीरों पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि कुछ दुकानदारों के नाम पर बने बिलों और सामग्री की वास्तविक आपूर्ति का सत्यापन जरूरी है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, विभिन्न फर्मों के नाम पर 3,57,937 रुपये के भुगतान का विवरण सामने आया है।ग्रामीणों ने पाइपलाइन मरम्मत के कार्यों, मजदूरी के मस्टर रोल, बिल-वाउचर और बैंक भुगतान की जांच कराने की मांग की है। रामा टोला में पानी की टंकी के स्टैंड पर एक साल के भीतर दरारें आने और सभी घरों तक नल कनेक्शन नहीं पहुंचने का मुद्दा भी उठाया गया है।उपयंत्री का कहना है कि नए बोर से पुलिया तक 80 मीटर जीआई पाइप डलवाया गया और एक ट्यूबवेल का कार्य हुआ। इन कार्यों का मापन डेढ़ से दो लाख रुपये का है। मरम्मत के नाम पर कुल भुगतान की जानकारी उन्हें नहीं है।ग्रामीणों ने प्रशासन से सभी कार्यों और भुगतानों का भौतिक सत्यापन कर अनियमितता प्रमाणित होने पर संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



हरिभूमि
नर्मदा भूमि
करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल



अधर्म के प्रतीक रावण के पुतले को हुआ दहन

जिले भर में धूमधाम से मनाया गया विजयदशमी पर्व

प्रभु श्रीराम के लगे जयकारे, जाट महासभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

विगत दिवस जिला मुख्यालय के स्टेडियम मैदान में दशहरा पर्व का आयोजन किया गया,जिसमें 42 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। जाट महासभा द्वारा पहली बार स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों दर्शक शामिल हुए। आकर्षक आतिशबाजी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहीं। आयोजन समिति के सदस्य अमितेंद्र नारोलिया ने बताया कि अब तक रावण दहन चर्च मैदान में किया जाता था, लेकिन इस बार कार्यक्रम को बड़े स्तर पर आयोजित करने के लिए स्टेडियम मैदान का चयन किया गया। रावण का पुतला तैयार करने में करीब 68 से 70 हजार रुपए खर्च हुए। कार्यक्रम में सागर के सोशल मीडिया कलाकार आशीष-बिहारी उपाध्याय और उनकी टीम ने हास्य-परिहास से जुड़ी प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मनोरंजन किया।

प्रशासन की रही चैकसी

आयोजन में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। दर्शकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रावण के पुतले के



आशीष-बिहारी उपाध्याय ने दी हास्य प्रस्तुति

आसपास बैरिकेडिंग की गई थी। पुलिस ने पार्किंग और यातायात व्यवस्था संभालने के लिए निर्धारित स्थानों पर जवान तैनात किए। आतिशबाजी देखने के लिए भी बड़ी संख्या में लोग मैदान में मौजूद रहे। विगत दिवस विजयादशमी का पर्व सम्पूर्ण जिले मे बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया लोगो द्वारा एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर विजय उत्सव मनाया एवं बुराई पर अच्छाई की जीत का परिचय देते हुये गले मिलकर बधाई दी। वही जिला मुख्यालय सहित गांव- गांव व गली मोहल्लों में रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण बुराई व असत्य का प्रतीक मानते हुये पुतला दहन किया जाता है एवं भगवान राम अच्छाई व सत्य के प्रतीक है माना जात है कि आज के दिन भगवान राम ने रावण पर विजय प्राप्त की थी। दशहरा पर्व के दिन प्रशासन पूरी तरह चौकस बना रहा।

चल समारोह के साथ विसर्जन जारी

जिले में नवरात्रि के समापन के बाद दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला जारी है। जिला मुख्यालय सहित गोटेगांव, तेंदूखेड़ा, गाडरवारा,



करेली और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा निकालकर मां दुर्गा को विदाई दी। जिले के अलग-अलग नर्मदा घाटों सहित अन्य नदियों में प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। जिले में इस बार 1024 पंडालों में 1277 दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। नौ दिनों तक पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने कन्या भोज कराया और मां दुर्गा की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद शोभायात्राओं के साथ प्रतिमाओं को विसर्जन स्थलों तक ले जाया गया। श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष मां दुर्गा के पुनः आगमन की कामना के साथ विदाई दी। जिला मुख्यालय के मुशरान वन में बनाए गए विसर्जन कुंड में क्रेन की मदद से दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए नदी घाटों पर 80 होमगार्ड और 40 गोताखोर तैनात किए गए हैं। पुलिस बल भी प्रमुख विसर्जन स्थलों पर मौजूद रहा। प्रशासन ने भीड़ प्रबंधन और निगरानी के इंतजाम किए हैं। श्रद्धालुओं से विसर्जन के दौरान सावधानी बरतने और सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की गई है।

रावण दहन से पहले युवाओं ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प



विजयादशमी के अवसर पर समीपी ग्राम बहोरीपार कलां और करेली ब्लॉक के ग्राम ढाना में माय भारत के वालंटियर्स ने नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया। स्थानीय उत्सव समितियों के सहयोग से आयोजित कार्यक्रमों में रावण दहन से पहले ग्रामीणों और युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया। इस दौरान रावण के पुतले पर 'नशा' लिखकर उसके दहन के माध्यम से समाज को व्यसन मुक्त बनाने का संदेश दिया गया। नरसिंहपुर ब्लॉक के ग्राम बहोरीपार कलां में महावीर दुर्गा मंडल एवं माय भारत के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। माय भारत वालंटियर कालूराम विश्वकर्मा ने कहा कि स्वस्थ और व्यसन मुक्त समाज ही सशक्त एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र की नींव है। युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, सकारात्मक गतिविधियों और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। दोनों गांवों में आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों और युवाओं को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ, जागरूक और सशक्त समाज के निर्माण में सहभागी बनने का संदेश दिया गया।

हवन पूजन भंडारा और चल समारोह के साथ दुर्गोत्सव संपन्न





तेंदूखेड़ा। शक्ति की भक्ति का महापर्व शारदीय नवरात्रि पर्व का नवमीं तिथि पर हवन पूजन भंडारे तथा दशहरा पर्व पर चल समारोह के साथ समापन हो गया है।नौ दिनों तक श्रद्धालु द्वारा अपनी शक्ति सामर्थ्य के साथ पूजन अर्चन साधनायें की गई कोई नंगे पैर तो कोई मौन व्रत धारण कर प्रातः काल से ही माता रानी के दरबारों में जल चढ़ाने के बड़ी संख्या में पहुंचे। दोपहर में भगत देवी गीतों फिर रात्रि के समय संगीतमय पांच आरतियों में शामिल रहे।छोटे छोटे बच्चों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रहकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया।देर रात्रि तक सड़कों पर दर्शनार्थियों की भीड़ बनीं रही। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के साथ विद्युत आपूर्ति भी सुचारू देखने को मिला।

आंखों में मिर्ची डालकर ज्वेलर्स से 35 लाख के जेवर लूटे



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। सुआतला थाना क्षेत्र में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात बदमाशों ने ज्वेलर्स संचालक सौरभ सोनी पर हमला कर करीब 35 लाख रुपये के जेवरात लूट लिए। राजमार्ग स्थित दुकान बंद कर घर लौट रहे सौरभ की गाड़ी को रिपटा पुल के पास आरोपियों ने टक्कर मारकर गिरा दिया। इसके बाद उनकी आंखों में मिर्ची डालकर लाठियों से हमला किया और जेवरात से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। सौरभ के सिर, हाथ और पैर में चोटें आई हैं। उनके मुताबिक, बैग में गिरवी रखे जेवरात के साथ मरम्मत के लिए ग्राहकों द्वारा दिए गए आभूषण भी थे। लूटे गए जेवरात की कीमत करीब 35 लाख रुपये बताई जा रही है। वारदात की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। एएसपी संदीप भूरिया ने बताया कि आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की दो टीमें गठित की गई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

108 एम्बुलेंस की लापरवाही पर नोटिस के निर्देश

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। नवरात्रि एवं प्रतिमा विसर्जन पर्व के दौरान आमजन को त्वरित एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष कुमार मिश्रा ने सोमवार की रात्रि 10 बजे जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर का औचक निरीक्षण कर आपातकालीन स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं चिकित्सकीय अमले को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने बताया कि पर्व के दौरान संभावित दुर्घटनाओं एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए जिला चिकित्सालय में नियमित इयूटी रोस्टर के अतिरिक्त चिकित्सकों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की इयूटी लगाई गई है। अस्पताल में 24 घंटे चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। गर्भवती महिलाओं को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए अतिरिक्त विशेषज्ञ चिकित्सक की व्यवस्था भी की गई है।

पुलिस स्मृति दिवस पर मंत्री श्री पटेल ने शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बुधवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन नरसिंहपुर में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर देश की सुरक्षा एवं सेवा में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर एक सितम्बर 2025 से 31 अगस्त 2026 तक कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हुए 154 पुलिसकर्मियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। समारोह में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने भी शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। जनप्रतिनिधियों एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी पुष्पचक्र अर्पित कर वीर शहीदों को नमन किया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस उन वीर पुलिसकर्मियों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण को स्मरण करने का अवसर है, जिन्होंने देश की सुरक्षा और नागरिकों की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों का किया सम्मान किया गया।

अहंकार एवं सदैव नारी का सम्मान करना चाहिएः मंत्री श्री पटेल



हरिभूमि न्यूज - करेली। असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक विजयादशमी पर्व पर करेली की पुरानी गल्ला मंडी परिसर में सियाराम सेना समिति, ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन, गल्ला व्यापारी एवं जय बजरंग वानर सेना समिति के संयुक्त आयोजन में भव्य दशहरा उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर लगभग 51 फीट ऊंचे विशाल रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग पहुंचे। कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक, समाजसेवी महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, सुशील कोठारी, सुरेंद्र मोहन नेमा एवं नगर पालिका अध्यक्ष सुशीला ममार सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति रही। अतिथियों ने भगवान श्रीराम, श्रीलक्ष्मण एवं श्रीहनुमान की भव्य महाआरती कर विधिवत पूजन-अर्चन किया। इसके बाद परंपरागत रूप से विशाल रावण के पुतले का दहन किया गया इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि रावण प्रचंड विद्वान और अदम्य साहस का धनी होने के बावजूद अपने अहंकार के कारण अंत को प्राप्त हुआ। उसका जीवन और अंत इस बात का प्रमाण है कि व्यक्ति को सदैव अहंकार से बचना चाहिए तथा नारी का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार अभिषेक श्रीवास्तव एवं वैभव नेमा ने किया। अंत में अभिषेक अग्रवाल ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्रथम पुरस्कार से सम्मानित हुई न्यू नरसिंह दुर्गा उत्सव समिति



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। शारदेय नवरात्रि के पावन पर्व पर शहर में दुर्गा उत्सव की धूम रही। इसी क्रम में रेस्ट हाउस दुर्गा मंडल द्वारा आयोजित सर्वश्रेष्ठ साज-सज्जा प्रतियोगिता में न्यू नरसिंह दुर्गा उत्सव समिति, कंदेली स्थित महाकाली हरेराम धर्मशाला के पंडाल को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। समिति द्वारा इस वर्ष माता रानी के दरबार की भव्य और आकर्षक साज-सज्जा की गई थी, जिसमे लाइटिंग, फूलों की सजावट और थीम ने सभी का मन मोह लिया। निर्णायक मंडल ने सजावट, स्वच्छता, व्यवस्था और भक्ति भाव के आधार पर महाकाली हरेराम धर्मशाला की साज-सज्जा को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया। समिति के सदस्यों ने यह पुरस्कार माता रानी के आशीर्वाद और सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत को समर्पित किया। इस अवसर पर रेस्ट हाउस दुर्गा मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि दुर्गा उत्सव केवल पूजा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और एकता का प्रतीक है, और ऐसी भव्य सजावट समाज को जोड़ने का काम करती है।

बजरंग चौक करेली पर 'कलाब ग्रुप के चतुर्थ विशाल देवी जागरण की रही धूम, नगर की सांस्कृतिक सामाजिक संस्थाओं का किया स्वागत सम्मान

करेली। नवरात्रि पर्व पर नगर में माताराणी की भव्य मूर्तियों के पंडाल सजे भंडारा हुये तो वहीं माताराणी की भक्ति सागर में डूब जाने के लिए युवाओं की जोशीली टोली इंकलाब ग्रुप ने बजरंग चौक करेली पर लगातार चतुर्थ विशाल देवी जागरण नाद म्यूजिकल ग्रुप जबलपुर का रामनवमी पर भव्य आयोजन कर क्षेत्रवासियों का दिल जीत लिया समारोह का दीप प्रज्वलन उपस्थित भक्तों व समिति सदस्यों द्वारा किया गया नाद म्यूजिकल ग्रुप जबलपुर की दीपिका चौरसिया ने जबलपुर से आई पांडा बाबा रे , मीठे रस से भरो री, नाचे जो बब्बर शेर रे अम्न मालवीय ने बिंडाड़ी मेरी बनादे, देदे थोड़ा प्यार , चलो बुलावा आया है वहीं सिंगर गगनदीप सिंह ने काली काली अमावस की रात में , मेरी आन रखना, नाच रही है काली अंगना में भजनों की प्रस्तुति दी जिसे सजाने में साथ दिया संदीप अन्नू भगत आक्टोपेड पर लक्की पटेल आर्गन पर आशु पटेल ढोलक पर विशाल वनराज ढोल पर किशोर ने वाद्ययंत्रों से उपस्थित भक्तों को जागरण में बांधे रखा वहीं समारोह का आकर्षण रहे नृत्यों में महाकाली, राधाकृष्ण के मनमोहक नृत्यों ने श्रोताओं की नाचने झूमने मजबूर कर दिया इंकलाब ग्रुप द्वारा प्रतिवर्षानुसार नगर की सांस्कृतिक सामाजिक संस्थाओं के स्वागत सम्मान क्रम में मां नर्मदा सेवा समिति करेलीबस्ती धर्मशाला जहां नर्मदा





पदयात्रियों के लिए निःशुल्क विश्राम भोजन व प्राथमिक उपचार व्यवस्था संचालित करने, मेरे अपने संस्था को जो 12वर्षों से अनवरत मरीजों की निःशुल्क सेवा सहित सामूहिक पिंडदान श्राद्ध आदि माध्यम से सेवायें देने के लिए, युवक आध्यात्म मंडल जो 1990 से नगर में मासपरायण, जवारे स्थापना, राममंदिर व सभी धार्मिक आयोजनों के लिए, श्रीराम सेना द्वारा नगर के ऐतिहासिक सांस्कृतिक धरोहर दशहरा रावण दहन समारोह हेतु , मुक्तिधाम सेवा समिति करेली जो वर्ष 2010 से सतत मुक्तिधाम की व्यवस्थाओं के सफल संचालन के लिए, नगरपालिका परिषद को नगर को स्वच्छ व सुव्यवस्थित बनायें रखने एवं पुलिस थाना करेली को सजगता व सक्रियता हेतु स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान इंकलाब ग्रुप के सदस्यों द्वारा किया गया युवाजोश से लबरेज इंकलाब ग्रुप बजरंग चौक करेली के सतीश मम्मार दीपक मलक नेमा राहुल कौरव गणेश पटैल उदितपाल आशु बाला सौरभ अवधिया एड. ऋषभ कौरव शिवम चौरसिया शिवा तरुण शर्मा विद्यान शर्मा अम्मनदीप सिंह कुलजीत सिंह अनुज सोनी कार्तिक कौरव की अथक मेहनत सहित स्थानीय व्यापारीयों व निवासियों का सहयोग सराहनीय रहा देर रात तक हुये सफलतम भव्य समारोह के लिए इंकलाब ग्रुप के एडवोकेट ऋषभ कौरव ने शासन प्रशासन सहित सभी का आभार व्यक्त करते हुये दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देकर समापन की घोषणा की सजग पुलिस प्रशासन करेली ने निर्बाध यातायात व्यवस्था कराते हुए समारोह स्थल की सुरक्षा व्यवस्था संभाली क्षेत्र में हुये इस भव्य आयोजन की सराहना की गई

करेली में दो स्थानों पर 51-51 फीट के रावण का दहन

अधर्म पर धर्म की विजय का दिया संदेशश्रीराम मंदिर परिसर में सामूहिक शस्त्र पूजन, राम दरबार की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र







करेली। अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक पर्व विजयादशमी पर करेली में उत्साह और श्रद्धा के साथ दशहरा पर्व मनाया गया। इस अवसर पर नगर में दो स्थानों पर विशाल रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर के प्रधान देवालय श्रीराम मंदिर परिसर में 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया, वहीं पुरानी गल्ला मंडी में परंपरानुसार सियाराम सेना एवं वानर सेना द्वारा 51 फीट के रावण का दहन किया गया। दोनों ही कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रमों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल और जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।राजपूत क्षत्रिय समाज ने किया सामूहिक शस्त्र पूजनविजयादशमी के अवसर पर रात 9 बजे श्रीराम मंदिर परिसर में राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा सामूहिक सामाजिक शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। इसमें करेली नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता करते हुए अपने शस्त्रों का विधि-विधान से पूजन किया। मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल, कैलाश सोनी, जालम सिंह पटेल और रामस्नेही पाठक सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने भी पूजन में भाग लिया। इस अवसर पर मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल और पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने अपने उद्बोधन में भारतीय संस्कृति, परंपराओं और विजयादशमी पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। शस्त्र पूजन के माध्यम से परंपरा और सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान का संदेश दिया गया।राम दरबार की झांकी के बाद हुआ रावण दहनशस्त्र पूजन कार्यक्रम के उपरांत भगवान श्रीराम के दरबार के स्वरूप में सजे बच्चों की आकर्षक झांकी का अतिथियों ने स्वागत-सत्कार किया और उन्हें मंच पर स्थान दिया। इसके बाद अतिथियों ने राम दरबार का पूजन किया सनातन समिति राम मन्दिर सेवा समिति युवक आध्यात्म मंडल, युवा करनी सेना के संयुक्त तत्वावधान में श्रीराम मंदिर परिसर के 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान उपस्थित नागरिकों ने विजयादशमी पर्व मनाते हुए बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक रावण दहन के आयोजन में सहभागिता की करेली में आयोजित दोनों रावण दहन कार्यक्रमों और सामूहिक शस्त्र पूजन ने धार्मिक आस्था, सामाजिक सहभागिता और भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति लोगों की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

गोटेगांव नगर पालिका में आखिर क्या हो रहा है? कहीं सड़कें जर्जर, कहीं निर्माण अधूरा



गोटेगांव गोटेगांव नगर में विकास कार्यों की स्थिति को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो रहे हैं। नगर के कई स्थानों पर सड़कें जर्जर हालत में हैं, कहीं सड़क निर्माण हुआ तो कहीं आज भी निर्माण कार्य अधूरे पड़े हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर नगर विकास के लिए आने वाली सरकारी राशि का उपयोग किस तरह किया जा रहा है? नगरपालिका में ऐसी कौन-सी परिस्थितियां निर्मित हो गई हैं कि विकास कार्यों से लेकर कर्मचारियों के वेतन और मीडिया के भुगतान तक की स्थिति सवालों के घेरे में है?नगरपालिका की कार्यप्रणाली पर उठते सवाल अब केवल सड़कों तक सीमित नहीं हैं। कर्मचारियों को दो-दो, तीन-तीन माह तक वेतन नहीं मिलने और मीडिया के भुगतान लंबित होने की शिकायतों ने भी चिंता बढ़ा दी है। यदि नगरपालिका की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, तो इसकी वजह क्या है? नगर विकास के लिए आवंटित राशि कहां खर्च हुई? विभिन्न निर्माण कार्यों पर कितना धन व्यय किया गया? किन कार्यों के भुगतान किए गए और किनके भुगतान लंबित हैं? इन सवालों का जवाब मिलना जरूरी है।आखिर नगर विकास की राशि कहां जा रही है?नगरपालिका क्षेत्र में सड़कों की बदहाल स्थिति और अधूरे निर्माण कार्यों को देखकर नागरिकों के मन में स्वाभाविक रूप से सवाल उठ रहे हैं। यदि विकास कार्यों के लिए राशि उपलब्ध कराई गई है, तो उसका धरातल पर कितना लाभ दिखाई दे रहा है? जिन सड़कों का निर्माण होना था, वे अब तक क्यों नहीं बन पाईं? जिन कार्यों पर राशि खर्च की गई, उनकी गुणवत्ता और वास्तविक स्थिति का सत्यापन किस स्तर पर हुआ?नगर की जनता जानना चाहती है कि विकास के नाम पर होने वाले खर्च और वास्तविक कार्यों के बीच कितना अंतर है। इन प्रश्नों का उत्तर केवल आश्वासनों से नहीं, बल्कि दस्तावेजों और स्थलीय जांच से ही सामने आ सकता है।कर्मचारियों का वेतन और मीडिया का भुगतान लंबित क्यों?नगरपालिका कर्मचारियों को दो-दो और तीन-तीन माह तक वेतन नहीं मिलने की स्थिति गंभीर चिंता का विषय है। इसी प्रकार मीडिया के भुगतान लंबित रहने की बात भी सामने आ रही है। यदि ये भुगतान वास्तव में लंबित हैं, तो शासन और संबंधित अधिकारियों को यह स्पष्ट करना चाहिए कि भुगतान में देरी के कारण क्या हैं तथा इसके लिए जिम्मेदार कौन है?नगरपालिका की वित्तीय स्थिति, आय-व्यय के विवरण और भुगतान व्यवस्था की समीक्षा किए बिना इन समस्याओं की वास्तविक वजह सामने आना मुश्किल है।भुगतान संबंधी बिलों की जांच जरूरीनगरहित में यह आवश्यक है कि नगरपालिका में हुए निर्माण कार्यों, विकास मद में प्राप्त राशि, स्वीकृत बजट, खर्च किए गए धन और भुगतान संबंधी बिलों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। जांच में यह भी देखा जाए कि जिन कार्यों के लिए भुगतान किया गया, वे वास्तव में पूरे हुए या नहीं, निर्माण की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप है या नहीं तथा सरकारी धन के उपयोग में सभी नियमों का पालन किया गया है या नहीं।यदि जांच में कोई अनियमितता सामने आती है, तो नियमानुसार जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई भी सुनिश्चित की जानी चाहिए।कई बार सुर्खियां बनी खबरें, फिर भी कार्रवाई का इंतजार!नगरपालिका की कार्यप्रणाली और नगर विकास से जुड़े सवाल पहले भी समाचार पत्रों की सुर्खियां बनते रहे हैं। इसके बावजूद यदि समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है, तो यह शासन और प्रशासन के लिए गंभीर विषय है। अब आवश्यकता केवल शिकायतों पर संज्ञान लेने की नहीं, बल्कि तथ्यों के आधार पर कार्रवाई करने की है।कहीं सड़कें बनी कही वर्षों से सड़क निर्माण का इंतजार है राजपथ मार्ग हनुमान मढिया से पथरहा कुआं तक की सड़क अभी भी निर्मित नहीं हुई जबकि इस मार्ग पर जनप्रतिनिधियों का आना जाना जारी रहता है।नगर की जनता की मांग है कि शासन स्तर से नगरपालिका की निष्पक्ष जांच कराई जाए। जांच में विकास कार्यों, सरकारी धन के उपयोग, निर्माण संबंधी अभिलेखों, भुगतान के बिलों, कर्मचारियों के वेतन और लंबित देनदारियों की विस्तृत समीक्षा होनी चाहिए, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके।जनता पूछ रही है—आखिर माजरा क्या है?गोटेगांव की जनता यह जानना चाहती है कि नगर विकास की योजनाओं का लाभ जमीन पर क्यों नहीं दिखाई दे रहा? सड़कों की बदहाली कब दूर होगी? कर्मचारियों को समय पर वेतन कब मिलेगा? लंबित भुगतान कब किए जाएंगे? और सबसे महत्वपूर्ण सवाल—नगरपालिका की वर्तमान स्थिति के लिए जिम्मेदार कौन है?अब समय आ गया है कि शासन निष्पक्ष जांच कराकर दूध का दूध और पानी का पानी करे। नगर की जनता बेसब्री से उस दिन का इंतजार कर रही है, जब इन सवालों के जवाब तथ्यों के साथ सामने आएंगे और नगरपालिका की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।जनहित में मांगः गोटेगांव नगरपालिका के विकास कार्यों, आय-व्यय, निर्माण संबंधी भुगतान बिलों और लंबित देनदारियों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो और नगर विकास का कार्य पारदर्शी तरीके से आगे बढ़ सके।